जबलपुर | मंगलवार | 17 फरवरी 2026 | वर्ष 77 | अंक 26 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 सीबीडीसी वितरण का हुआ शुभारंभ


6 महिला वोटों के लिए सरकारी दरियादिली


7 निवेश और भागीदारी के अवसरों पर चर्चा


8 इटली को 24 रन से हराकर सुपर-8 में पहुंचा इंग्लैंड

# एआई 'महाकुंभ' का श्रीगणेश

## पीएम नरेंद्र मोदी ने किया एआई इंपैक्ट समिट का उद्घाटन

**300** से ज्यादा कंपनियां दिखाएगी एडवांस गैजेट्स

**3250** वक्ता 500 सत्र को करेंगे संबोधित

**100** से ज्यादा देश लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली, 16 फरवरी. आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का महाकुंभ एआई इंपेक्ट समिट भारत मंडपम में सोमवार शुरू हुआ. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई समिट एक्सपो का उद्घाटन किया है. उन्होंने इस एआई एक्सपो के उद्घाटन के मौके पर अलग-अलग स्टाल का अवलोकन किया और एआई से जुड़े अलग-अलग प्रदर्शनों को सराहा. पीएम मोदी ने भारत जेन से लेकर सरवम एआई और कई स्टार्टअप्स के नए एआई पहल और प्रोटोटाइप को देखा और उनके बारे में चर्चा की.**

विकासशील देशों में आयोजित ये पहला एआई इंपेक्ट समिट है, जहां तीन सूत्रों की बात हो रही है, जहां जन, ग्रह और प्रगति को ध्यान में रखकर एआई की कार्यकुशलता के आधार पर इस समिट में तमाम संवाद होने जा रहे हैं.



### आकाश अंबानी ने जियो के एआई इकोसिस्टम की जानकारी प्रधानमंत्री को दी

इंडिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इम्पैक्ट समिट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जियो के एआई पवेलियन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जियो द्वारा विकसित विभिन्न एआई आधारित मॉडलों और समाधानों की जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने जियो इंटेलिजेंस, जियो संस्कृति एआई, जियो आरोग्य एआई, जियो शिक्षा और जियो एआई होम जैसे मॉडलों को देखा। इन मॉडलों का उद्देश्य क्रमश: एंटरप्राइज इंटेलिजेंस, भारतीय भाषाओं और सांस्कृतिक सामग्री, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा समाधान और स्मार्ट होम आधारित एआई सुविधाओं को सुलभ बनाना है। इस मौके पर रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कंपनी द्वारा विकसित किए जा रहे द्व इकोसिस्टम और उसके विभिन्न आयामों की जानकारी प्रधानमंत्री को दी। जियो लंबे समय से एआई फॉर ऑल की अवधारणा पर जोर देता रहा है।

### डीपफेक की चुनौतियों पर 30 देशों से वार्ता जारी



केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को डीपफेक और एआई के दुरुपयोग से निपटने के लिए तकनीकी और कानूनी समाधानों पर जोर दिया. उन्होंने बताया कि भारत इस मुद्दे पर 30 से अधिक देशों के साथ चर्चा कर रहा है, जिससे वैश्विक स्तर पर इसके समाधान निकाले जा सकें.

### समिट में क्या बोले एक्सपर्ट

- ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने कहा कि अमेरिका के बाद भारत चैटजीपीटी का दूसरा सबसे बड़ा उपयोगकर्ता आधार है. ऑल्टमैन ने यह भी कहा कि अन्य किसी भी देश की तुलना में भारत में चैटजीपीटी के छात्र उपयोगकर्ताओं की संख्या सबसे अधिक है.
- इंफो एज के फाउंडर और एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन संजीव बिखचंदानी ने कहा कि एआई नौकरियां खत्म नहीं कर रहा है, बल्कि काम करने की क्षमता (प्रोडक्टिविटी) को बढ़ा रहा है. उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि वे एआई टूल्स को अपनाएं, वरना वे पीछे छूट सकते हैं.
- सिस्को सिस्टम्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर हरीश कृष्णन ने कहा कि एआई आने वाली पीढ़ियों के लिए समाज में सुधार कर रहा है और इंसानी क्षमताओं को बेहतर बनाने में मदद कर रहा है.
- एचसीएल टेक्नोलॉजीज के पूर्व सीईओ विनीत नायर ने कहा कि एआई का असर 50 प्रतिशत नौकरियों पर पड़ेगा, लेकिन साथ ही यह 50 प्रतिशत नए रोजगार के मौके भी पैदा करेगा.
- सीएलएल नेशनल एआई फोरम के को-चेयरपर्सन तेजप्रीत चोपड़ा ने कहा कि एआई तेजी से दुनिया को बदल रहा है और हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है. हेल्थकेयर और खेती से लेकर शिक्षा और गवर्नेंस तक,एआई हर काम को आसान बना रहा है. एआई नौकरियां छीनने के बजाय नए रोल पैदा करेगा, एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देगा और भविष्य के वर्कफोर्स को तैयार करेगा.

### फ्रांस और ब्राजील के राष्ट्रपति लेंगे भाग

समिट में 100 से ज्यादा देशों के हिस्सा लेने की उम्मीद है. इसमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्राजील के राष्ट्रपति लुला डी सिल्वा सहित 15-20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष और 50 से ज्यादा मंत्री शामिल होंगे. दुनिया की दिग्गज ग्लोबल और भारतीय टेक कंपनियों के 40 से ज्यादा सीईओ के भी समिट में हिस्सा लेने की उम्मीद हैं. गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन, एनवीडिया के जेन्सेन हुआंग और माइक्रोसॉफ्ट-गूगल के अन्य बड़े नाम इसमें हिस्सा लेंगे.

# शादी से पहले फिजिकल रिलेशनशिप पर हैरानी

**नई दिल्ली, 16 फरवरी. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को रेप के आरोपों से जुड़े एक मामले में शादी से पहले फिजिकल रिलेशनशिप को लेकर हैरानी जताई. जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने कहा कि हम यह नहीं समझ पाते कि एक लड़का और लड़की शादी से पहले शारीरिक संबंध कैसे बना सकते हैं.**

जस्टिस नागरत्ना ने कहा- हो सकता है हम पुराने ख्यालों के हों, लेकिन जब तक शादी नहीं हो जाती तब तक लड़का और लड़की अजनबी होते हैं. उन्हें बहुत सावधान रहना चाहिए. किसी पर भी भरोसा नहीं करना चाहिए. जस्टिस नागरत्ना के साथ जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच एक व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिस पर एक महिला से शादी का वादा करके शारीरिक संबंध बनाने का आरोप है. इसी व्यक्ति पर पहले से शादीशुदा होने और बाद में दूसरी महिला से शादी करने का आरोप भी है.




### क्या है पूरा मामला

सरकारी वकील के मुताबिक, लगभग 30 साल की युवती की 2022 में एक मैट्रिमोनियल साइट पर शख्स से मुलाकात हुई थी. आरोप है कि शख्स ने युवती से शादी का वादा करके दिलली और बाद में दुबई में कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए. युवती ने दावा किया है कि शख्स के कहने पर वह दुबई गई थी. वहां उसकी सहमति के बिना आरोपी ने अश्लील वीडियो रिकॉर्ड किए और विरोध करने पर उन्हें वायरल करने की धमकी दी. शिकायतकर्ता को बाद में पता चला कि शख्स ने 19 जनवरी, 2024 को पंजाब में दूसरी शादी कर ली थी. इस मामले में निचली अदालत और दिल्ली हाईकोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी.

### जस्टिस बोलीं- युवती शादी से पहले दुबई क्यों गई

जस्टिस नागरत्ना ने सवाल किया कि युवती शख्स से मिलने दुबई क्यों गई. जब सरकारी वकील ने बताया कि दोनों शादी करने की प्लानिंग कर रहे थे, तो जस्टिस ने कहा- अगर महिला शादी को लेकर इतनी गंभीर थी, तो उसे शादी से पहले दुबई नहीं जाना चाहिए था. जस्टिस ने कहा- यह ऐसा मामला नहीं है, जिनमें मुकदमा चलाया जाए और सजा दी जाए. क्योंकि संबंध आपसी सहमति से बने थे. कोर्ट ने आरोपी के वकील से युवती को मुआवजा देकर मामले को खत्म करने का निर्देश दिया.

## एक नजर में



### अमित शाह आज करेंगे उच्च स्तरीय मंथन बैठक

**अहमदाबाद.** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की उच्च स्तरीय मंथन बैठक मंगलवार को आयोजित की जाएगी. इसका उद्देश्य सहकारी समितियों को केवल संस्थागत ढांचे तक सीमित न रखकर उन्हें सदस्य-केंद्रित, आय-वर्धक और आत्मनिर्भर आर्थिक इकाइयों में रूपांतरित करना है. सहकारिता मंत्रालय के अनुसार, बैठक में 2 लाख नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पीकेसीएस), डेयरी एवं मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना की प्रगति पर चर्चा होगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति दी जा सके. मंथन बैठक में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के अंतर्गत देशभर में आधुनिक गोदामों के नेटवर्क के विस्तार पर विचार किया जाएगा.

# पंजाब, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर में हाई अलर्ट

**श्रीनगर, 16 फरवरी. जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सुरक्षा एजेंसियों ने 5 संदिग्ध आतंकियों की तस्वीरें सार्वजनिक की हैं. इन आतंकियों के जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है.**

एजेंसियों को इनपुट मिला है कि ये संदिग्ध आतंकी हाल ही में सीमा पार से भारत में घुसपैठ कर चुके हैं और कठुआ के आसपास के इलाकों में उनकी मौजूदगी देखी गई है. सुरक्षा एजेंसियों ने आम लोगों के लिए एक विशेष सूचना जारी की है. इस सूचना में आतंकियों की तस्वीरें साझा करते हुए कहा गया है कि अगर कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है, तो तुरंत सेना, सीआरपीएफ या स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी दें. लोगों से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को नजरअंदाज न करें. इन तस्वीरों के सामने आने के बाद सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट हो गई हैं. बॉर्डर के आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है.

## एसआईआर के काम में गड़बड़ी को लेकर सात अधिकारी सस्पेंड

**नई दिल्ली, 16 फरवरी.** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मामले में चुनाव आयोग ने बड़ा एक्शन लिया है. चुनाव आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के काम में गड़बड़ी को लेकर सात अधकारियों को सस्पेंड कर दिया है. चुनाव आयोग ने ये एक्शन इन अधिकारियों के खिलाफ गंभीर कदाचार, कर्तव्य की अवहेलना और एसआईआर शक्तियों के दुरुपयोग के पुख्ता सबूत मिलने के मामले में लिया है. चुनाव आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13 सीसी के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल किया है.

# गत्ते के कारखाने में आग से सात जिंदा जले

**अलवर, 16 फरवरी (वार्ता) राजस्थान में अलवर जिले के भिवाड़ी के खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार को गत्ते बनाने के कारखाने में आग लगने से सात श्रमिक जिंदा जल गए, जबकि कई अन्य घायल हो गए.**

घटनास्थल से मानव कंकाल बने सात शव बरामद किए हैं. बताया जा रहा है कि इस कारखाने में गत्ते बनाए जाते हैं. सूत्रों ने बताया कि सुबह करीब सवा नौ बजे एक निजी औद्योगिक इकाई में लगी, जिसने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया. सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी, दमकल दल, बचाव दल और चिकित्सकों का दल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे. क्षेत्र को घेराबंदी करके राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया गया. घायलों को उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया है. आग लगने के कारणों की जांच प्रारंभ कर दी गयी है. फैक्ट्री को सील कर दिया है. मौके पर अब केवल तहसीलदार मौजूद है.

> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना को त्रासदी बताते हुए उस पर गहरा शोक जताया है. मोदी ने एक्स पर लिखा, राजस्थान के भिवाड़ी में आग की घटना त्रासदी और अति-पीड़ादायक है. मैं इस घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करता हूं.

**प्रदेश का बजट सत्र** | विरासत के साथ विकास को आत्मसात कर मप्र को अग्रणी राज्य बनाएगी सरकार

# जॉब सीकर नहीं जॉब क्रिएटर बनेगा एमपी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 16 फरवरी. राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण के साथ ही सोमवार से मप्र विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो गया. अभिभाषण में राज्यपाल ने सरकार के विकास की रणनीति की तस्वीर पेश की और भरोसा दिलाया कि वर्ष 2047 में विकसित भारत के साथ ही विकसित मप्र के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार सही दिशा में आगे बढ़ रही है.**



इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार विरासत के साथ विकास के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए मप्र को देश के अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए पूरी तरह संकल्पित है. उन्होंने कहा कि हमारा ध्येय एक ऐसा समावेशी विकास मॉडल निर्मित करना", जहां सामाजिक न्याय और तकनीकी सुद्दढ़ता का सामंजस्य हो. इस पथ पर चलते हुए हमारा अन्नदाता समृद्ध होगा, हमारी मातृशक्ति स्वावलंबी बनेगी और प्रदेश का युवा मात्र जॉब सीकर तक सीमित न रहकर वैश्विक स्तर पर जॉब क्रिएटर बनकर उभरेगी. जैसे की संभावना थी, विपक्ष ने बजट सत्र के पहले दिन ही आक्रामक रूप दिखा दिया, सदन में विपक्ष ने अभिभाषण के दौरान राज्य के तीन मंत्रियों के इस्तीफे की मांग की.

